तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर अहकाम हुकम में
8/1/2021	पत्रावली पेश हुई। वकुलाप उपस्थित। P.O साहब दीगर कार्य में व्यस्त हैं। पत्रावली पुर्व आदेशानुसार दिनांक 22/2/2021 को पेश हों।	
22/02/21	पत्रावली पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप०। बहस वकील प्रार्थी उप०। पत्रावली वास्ते निर्णय दिनांक 26/02/2021 को पेश हो।	
26.02.21	पत्रावली आज वास्ते निर्णय/आदेश पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप0। पत्रावली में बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहरान करते हुए कथन किया। बहस सुनने व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड, दस्तावेजात, फर्द मौका रिपोर्ट सीमाज्ञान दिनांक 15.06.2018 का अवलोकन किया गया। जिससे जाहिर है कि राजस्व ग्राम सिरोही स्थित वादग्रस्त भूमि प्रार्थी एवं अन्य की संयुक्त खातेदारी की भूमि है जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 1/16 है तथा प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में सम्पूर्ण भूमि की पत्थरगढ़ी का अनुतोष चाहा है। अतः अन्य सह खातेदार एवं पड़ौसी खातेदारान को सूचित कर बाद सम्यक संतुष्टि मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगढ़ी किया जाना न्यायोचित है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी बाबत् पत्थरगढ़ी स्वीकार किये जाने योग्य है।	

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना

Signature Not Verified
Digitally signed by Brejesh Kumar
Date: 2021.02.27 20:08:31 IST
Reason: SelfAttested

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नीमकाथाना को आदेशित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सिरोही स्थित भूमि खसरा नंबर 1013, 1014, 1015 कुल किता 3 कुल

हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामिल में जारी हुए
रकबा 1.80 है0 की प्रार्थी, अन्य सह खातेदार एवं पडौसी खातेदारान को सूचित कर बाद सम्यक संतुष्टि मुताबिक सीमाज्ञान 15.06.2018 पत्थरगढ़ी की जावे। तहसीलदार नीमकाथाना को इस हेतु तहरीर जारी हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। (बृजेश कुमार) उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना	

Signature Not Verified

Digitally signed by Brejesh Kumar
Date: 2021.02.27 20:08:31 IST
Reason: SelfAttested